भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-3107**

उत्तर देने की तारीख-20/03/2023

**बिहार में निजी भूमि पर केन्द्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय**

**3107. श्री दिलेश्वर कामैत:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में केन्द्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या बिहार के सभी जिलों में केन्द्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी जिले-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या बिहार में निजी भूमि पर केन्द्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय स्थापित किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सभी विद्यालयों को निजी भूमि उपलब्ध कराने की सरकार की कोई योजना है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)**

(क) वर्तमान में, बिहार में 49 केवि और 27 जनवि सहित देश भर में 1249 केंद्रीय विद्यालय (के.वि) और 649 जवाहर नवोदय विद्यालय (ज.न.वि.) चल रहे हैं। इनका राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुलग्नक-I में है।

(ख) और (ग) नए केंद्रीय विद्यालय (केवि) खोलना एक सतत प्रक्रिया है। केवि पूरे देश में शिक्षा का एक समान कार्यक्रम प्रदान करने हेतु मुख्य रूप से रक्षा और अर्ध-सैन्य कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केवि खोलने के प्रस्तावों को भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों / राज्य सरकारों / संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किया जा सकता है, जिसमें मानदंडों के

अनुसार एक नया केवि स्थापित करने के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता हो। ये प्रस्ताव सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन हैं। केवि जिला-वार मापदंड पर नहीं खोले जाते।

नवोदय विद्यालय योजना में देश के प्रत्येक जिले में एक जवाहर नवोदय विद्यालय (जनवि) खोलने की परिकल्पना की गई है। नए जवाहर नवोदय विद्यालय खोलना एक सतत प्रक्रिया है जो संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की सहमति पर निर्भर करती है कि वह स्थायी भवन के निर्माण के लिए आवश्यक उपयुक्त भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराए और स्थायी भवन के निर्माण तक स्कूल चलाने के लिए किराया मुक्त, अस्थायी भवन उपलब्ध कराए। नए जनवि की स्वीकृति और उन्हें खोलना सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन पर निर्भर करता है। 6 शहरी जिलों के अलावा, नवोदय विद्यालय योजना (एनवीएस) को स्वीकार करने वाले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के सभी जिलों (31 मई, 2014 तक) को कवर किया गया है। 31/05/2014 को बनाए गए बिहार राज्य के सभी 38 जिलों को नवोदय विद्यालय योजना के तहत कवर किया गया है और 39 जनवि कार्यात्मक हैं, जिनमें गया जिले में एक अतिरिक्त जनवि (एससी बहुल) शामिल है।

केवि और जनवि का जिलावार विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

(घ) से (च) नए केवि और जनवि खोलने संबंधी मानदंडों के अनुसार, प्रायोजक प्राधिकरण / राज्य सरकार / संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन को स्थायी भवन के निर्माण के लिए अपेक्षित उपयुक्त भूमि नि:शुल्क उपलब्ध करानी होगी और स्थायी भवन का निर्माण होने तक विद्यालय को चलाने के लिए अपेक्षित अस्थायी भवन किराया मुक्त उपलब्ध कराना होगा। बिहार राज्य सहित कहीं भी केवि और जनवि निजी भूमि पर स्थापित नहीं किए गए हैं।

*****

**अनुलग्नक-I**

**माननीय संसद सदस्य श्री दिलेश्वर कामैत द्वारा "बिहार में निजी भूमि पर केन्द्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय" के संबंध में दिनांक 20/03/2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3107 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**बिहार सहित पूरे देश में चल रहे केन्द्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों की राज्य/संघ राज्य-क्षेत्रवार संख्या**

| **क्रम** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम** | **केवि की संख्या** | **जनवि की संख्या** |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | 02 | 03 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 35 | 15 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 19 | 17 |
| 4 | असम | 58 | 27 |
| 5 | **बिहार** | 49 | 39 |
| 6 | चंडीगढ़ | 05 | 01 |
| 7 | छतीसगढ़ | 36 | 28 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 02 | 03 |
| 9 | दिल्ली | 46 | 02 |
| 10 | गोवा | 05 | 02 |
| 11 | गुजरात | 45 | 34 |
| 12 | हरियाणा | 35 | 21 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 26 | 12 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 35 | 20 |
| 15 | झारखंड | 41 | 26 |
| 16 | कर्नाटक | 52 | 31 |
| 17 | केरल | 38 | 14 |
| 18 | लक्षद्वीप | 01 | 01 |
| 19 | लद्दाख | 03 | 02 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 112 | 54 |
| 21 | महाराष्ट्र | 59 | 34 |
| 22 | मणिपुर | 09 | 11 |
| 23 | मेघालय | 07 | 12 |
| 24 | मिजोरम | 04 | 08 |
| 25 | नगालैंड | 06 | 11 |
| 26 | ओडिशा | 66 | 31 |
| 27 | पुदुचेरी | 04 | 04 |
| 28 | पंजाब | 51 | 23 |
| 29 | राजस्थान | 77 | 35 |
| 30 | सिक्किम | 02 | 04 |
| 31 | तमिलनाडु | 45 | 00* |
| 32 | तेलंगाना | 35 | 09 |
| 33 | त्रिपुरा | 10 | 08 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 122 | 76 |
| 35 | उत्तराखंड | 45 | 13 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 62 | 18 |
| कुल | | 1249 | 649 |

* तमिलनाडु सरकार ने अभी तक नवोदय विद्यालय योजना को स्वीकार नहीं किया है

*****

**अनुलग्नक-II**

**माननीय संसद सदस्य श्री दिलेश्वर कामैत द्वारा "बिहार में निजी भूमि पर केन्द्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय" के संबंध में दिनांक 20/03/2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3107 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

## बिहार में चल रहे केवि और जनवि का जिला-वार ब्यौरा

| क्रमांक | जिलों का नाम | केवि की संख्या | जनवि की संख्या |
|---|---|---|---|
| | अररिया | 01 | 01 |
| | अरवल | 00 | 01 |
| | औरंगाबाद | 02 | 01 |
| | बांका | 01 | 01 |
| | बेगूसराय | 03 | 01 |
| | भागलपुर | 01 | 01 |
| | भोजपुर | 01 | 01 |
| | बक्सर | 01 | 01 |
| | दरभंगा | 02 | 01 |
| | पूर्वी चंपारण | 01 | 01 |
| | गया | 02 | 02 |
| | गोपालगंज | 01 | 01 |
| | जमुई | 01 | 01 |
| | जहानाबाद | 01 | 01 |
| | कैमूर | 00 | 01 |
| | कटिहार | 01 | 01 |
| | खगरिया | 01 | 01 |
| | किशनगंज | 01 | 01 |
| | लखीसराय | 01 | 01 |
| | मधेपुरा | 00 | 01 |
| | मधुबनी | 00 | 01 |
| | मुंगेर | 01 | 01 |
| | मुजफ्फरपुर | 02 | 01 |
| | नालंदा | 02 | 01 |
| | नवादा | 00 | 01 |
| | पटना | 07 | 01 |
| | पूर्णिया | 01 | 01 |
| | रोहतास | 01 | 01 |
| | सहरसा | 01 | 01 |
| | समस्तीपुर | 02 | 01 |
| | सरन | 04 | 01 |
| | शेखपुरा | 00 | 01 |
| | शिवहर | 01 | 01 |
| | सीतामढ़ी | 01 | 01 |
| | सिवान | 02 | 01 |
| | सुपौल | 00 | 01 |
| | वैशाली | 01 | 01 |
| | पश्चिमी चंपारण | 01 | 01 |
| कुल | | 49 | 39 |

*****